# डीआर न्यूज

भोपाल, सीहोर | कार्तिक कृष्ण पक्ष 14- 2082 | दिन सोमवार, दिनांक 20 अक्टूबर 2025

## न्यूज गैलरी

### सभी ग्राम पंचायतों में नियमित ग्राम सभाओं के निर्देश

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के. के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने जिले की सभी ग्राम पंचायतों में नियमित मासिक ग्राम सभाएं आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इन सभाओं का उद्देश्य पारदर्शिता, जनभागीदारी और जवाबदेही को सुदृढ़ करना है। ग्राम सभाओं की जिम्मेदारी सरपंच व सचिव की रहेगी तथा पर्यवेक्षण जनपद पंचायत सीईओ और संबंधित एसडीएम द्वारा किया जाएगा।

### नवोदय विद्यालय प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर तक बढ़ी

**सीहोर।** जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 9वीं और 11वीं प्रवेश परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि अब 24 अक्टूबर 2025 कर दी गई है। विद्यार्थी निर्धारित पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं तथा 24 से 26 अक्टूबर तक अपने आवेदन में संशोधन भी कर सकेंगे।

### दीपावली पूजन के लिए शुभ मुहूर्त

**सीहोर।** दीपावली पूजन के लिए शुभ मुहूर्त धारित किए गए हैं। वृष लग्न शाम 7रू13 से रात 9रू12 तक गृहस्थों के लिए सबसे शुभ रहेगा। कुंभ लग्न दोपहर 2रू29 से 4रू02 तक गणेश–कुबेर पूजन हेतु उपयुक्त है। अर्धरात्रि पूजन के इच्छुक लोगों के लिए सिंह लग्न रात 1.42 से 3रू. 45 तक रहेगा। चौघड़िया मुहूर्त में अपराह्न अमृत काल शाम 3रू44 से 5.46 तक व्यापारिक पूजन के लिए श्रेष्ठ है, प्रदोष काल चर मुहूर्त शाम 5.46 से 7.21 तक पारिवारिक पूजन हेतु अनुकूल है, जबकि महानिशा काल रात 10.31 से 12.06 तक आध्यात्मिक साधना के लिए श्रेष्ठ रहेगा।

दीपावली | 676 साल बाद बन रहा गुरू- शनि का शुभ योग, दिवाली दुर्लभ होगी

## दीपावली पर खिला फूलों का कारोबारए यात्रियों और बाजारों में रही जबरदस्त भीड़

डीआर संवाददात>> सीहोर



दीपावली के पर्व पर राजधानी भोपाल और आसपास के इलाकों में रौनक चरम पर रही। रविवार को शहर की सड़कों पर ट्रैफिक जाम के हालात बने रहे। मंत्री सजिद रोड सहित कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लगीं। बाजार ग्राहकों से खचाखच भरे रहेए मिठाई की दुकानों और पटाखों की दुकानों पर दिनभर भीड़ उमड़ती रही। शहर की सड़कों पर लोगों का आना. जाना देर रात तक जारी रहा।

**''70 टन गेंदा फूल की खपतए 9 करोड़ से ज्यादा का कारोबार''**

इस बार दीपावली पर फूलों का कारोबार जमकर श्खिलाश्। अनुमान है कि करीब ''70 टन गेंदा फूल'' की खपत हुई और करीब ''9 करोड़ रुपए से अधिक का व्यापार'' हुआ। हालांकि अक्टूबर में हुई बारिश से गेंदा फसल को नुकसान पहुंचाए जिससे आपूर्ति प्रभावित रही और दामों में तेजी आई। पिछले साल जहां गेंदा 40 से 50 रुपए किलो तक बिक रहा थाए वहीं इस बार दाम 100 रुपए किलो तक पहुंच गए। फूल विक्रेताओं ने बताया कि इस बार कृत्रिम फूलों की बजाय असली फूलों की मांग कहीं अधिक रही।

**''रेलवे और बस स्टैंड पर यात्रियों की भारी भीड़''**

दीपावली के एक दिन पहले शहर के रेलवे स्टेशन और बस स्टैंडों पर यात्रियों की भारी भीड़ देखी गई। नादरा बस स्टैंड और आईएसबीटी पर यात्रियों को बसों में बैठने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। अधिकांश बसें ओवरलोड रहीं और कई यात्रियों को सीट न मिलने के कारण अगली बस का इंतजार करना पड़ा। कुछ बस संचालकों द्वारा अतिरिक्त किराया वसूलने की शिकायतें भी सामने आईए जिससे यात्रियों ने नाराजगी जताई। वहीं रेलवे स्टेशन पर भी ट्रेनों में भीड़ इतनी अधिक रही कि प्लेटफॉर्म और कोचों में जगह कम पड़ गई।

**''महिलाओं ने श्रद्धा और उत्साह से मनाया रूप चौदस''**

रविवार को शहरभर में महिलाओं ने ''रूप चौदस पर्व'' हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। इस दिन महिलाओं ने सुबह स्नान कर पारंपरिक जड़ी.बूटियों ए बेसन और मलाई का उबटन लगाकर अपने रूप को निखारा। आयुर्वेद विशेषज्ञों के अनुसारए यह प्रक्रिया शरीर और त्वचा को मौसम परिवर्तन के अनुकूल बनाती है। महिलाओं ने समूह में एक.दूसरे के साथ यह पर्व मनाकर दीपावली की तैयारियां शुरू कीं।


**''बुजुर्गों के संग मनाई दीपावली की खुशियां''**

ओम शिव शक्ति सेवा समिति यरजिष्ड्वश् भोपाल की ओर से दीपावली की पूर्व संध्या पर ''शाहजहांनाबाद स्थित आनंद वृद्धाश्रम'' में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति के सचिव ''रिक भटेजा'' ने बताया कि सदस्यों ने वृद्धजनों के साथ दीप जलाए मिठाई बांटी और आतिशबाजी की। बुजुर्गों के साथ समय बिताकर समिति ने सेवा और सम्मान का संदेश दिया।

**''जरूरतमंद बच्चों के साथ भी जली खुशियों की लौ''**

समता समाधान पार्टीश् के कार्यकर्ताओं ने दीपावली की पूर्व संध्या पर जरूरतमंद बच्चों के साथ दीप जलाकर पर्व मनाया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ''अशोक पवार'' ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में समानता और खुशहाली का संदेश देना था। बच्चों को मिठाई और फुलझड़ियां वितरित की गईए जिससे उनके चेहरों पर मुस्कान खिल उठी।

फूल विक्रेता ''फलकरे'' ने बताया कि श्बारिश से फसल पर असर पड़ाए फिर भी दीपावली पर मांग के चलते हमने एक दिन में एक क्विंटल से ज्यादा फूल बेचे।श् गुलाब और अन्य सजावटी फूलों के दाम भी तीन गुना तक बढ़ गए।



## नाराज पटाखा विक्रेताओं ने थाने के बाहर नारे लगाए



**डीआर संवाददाता>>भोपाल**

भोपाल में दिवाली से एक दिन पहले गौतम नगर थाना क्षेत्र में रविवार को पुलिस कार्रवाई के दौरान हंगामा हो गया। नारियलखेड़ा इलाके में पटाखा बेचने वाले फुटपाथ दुकानदारों का सामान जब्त करने के बाद व्यापारियों ने गौतम नगर थाने के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान भीड़ ने श्पुलिस तेरी गुंडागर्दी नहीं चलेगीश जैसे नारे लगाए।

दरअसल, कुछ लोगों ने फुलझड़ी, अनार, जफरकनी जैसे हल्के पटाखों की छोटी दुकानें लगाई थीं। पुलिस ने इन दुकानों का सामान जब्त कर कार्रवाई की।

पार्षद ने पुलिस के सामने लगाई उठक–बैठक

वार्ड नंबर– 12 नारियल खेड़ा के पार्षद देवेंद्र भार्गव ने कहा कि फुलझड़ी बेचने वालों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। इसके विरोध में हमने पुलिस से रिक्वेस्ट की और उठक–बैठक लगाकर उनसे अनुरोध किया।

पार्षद बोले– पुलिस ने बिना वजह की कार्रवाई

वार्ड नंबर– 13 के पार्षद मनोज राठौर ने बताया कि फुटपाथ पर बैठने वाले ये सभी छोटे दुकानदार हैं। इनके पास कोई बम या भारी पटाखा नहीं था। हर दुकान पर बस दो से पांच हजार रुपए का सामान था। पुलिस ने बिना वजह सात दुकानों की जब्ती बना ली और केस दर्ज कर लिया।

कार्रवाई हो रही है तो पूरे शहर में एक जैसी हो

मनोज राठौर ने कहा कि अगर पुलिस कार्रवाई कर रही है, तो पूरे शहर में समान रूप से करे। सिर्फ एक क्षेत्र को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? उन्होंने कहा कि जब्ती के बाद क्षेत्रीय

## मंदिर परिसर तथा मेला स्थल का कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण

डीआर संवाददात>> इछावर



इछावर के ग्राम देवपुरा में आगामी 22 अक्टूबर को आयोजित होने वाला बारह खंबा मेला क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में से एक है। इस मेले में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है। मेले में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री बालागुरु के. एवं एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला ने मेले की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित कर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मेले के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री बालागुरु के. एवं एसपी श्री शुक्ला ने मंदिर परिसर तथा बारह खंभा मेला स्थल का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ने कहा कि मेले में लगने वाले झूलों की मजबूती की जांच पहले ही कर ली जाए ताकि मेले के दौरान किसी प्रकार की कोई दुर्घटना न हो। उन्होंने मेला क्षेत्र में यातायात प्रबंधन, पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता, चिकित्सा सेवाएं और अन्य आवश्यक सुविधाओं की सुचारू व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने मेला क्षेत्र में सुरक्षा और कानून–व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

## बिजली ठप्पय ग्रामीणों ने दीपावली से पहले अंधेरे में पर्व मनाने पर विरोध जताया

डीआर संवाददात>> सीहोर


सीहोर के खेरी गांव स्थित वृंदावन कॉलोनी में पिछले 15 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली आपूर्ति ठप है। दीपावली के त्योहार से पहले बिजली न मिलने से ग्रामीण आक्रोशित हैं और उन्हें अंधेरे में ही पर्व मनाने को मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन किया है। जानकारी के अनुसार, वृंदावन कॉलोनी का ट्रांसफॉर्मर करीब 15 दिन पहले जल गया था।



इसके बाद से ही क्षेत्र में बिजली नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली कंपनी ने अभी तक इसे सुधारने या बदलने की कोई सुध नहीं ली है, जिसका खामियाजा स्थानीय निवासियों को भुगतना पड़ रहा है। कमल सिंह, बनप सिंह और ब्रज वर्मा जैसे स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बिजली न होने से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दीपावली जैसे प्रकाश के पर्व पर भी उन्हें अंधेरे में रहना पड़ेगा। आक्रोशित ग्रामीणों ने एकत्रित होकर जले हुए ट्रांसफार्मर के पास विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रशासन और बिजली कंपनी से जल्द से जल्द ट्रांसफॉर्मर को ठीक कराकर बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है ताकि उन्हें इस समस्या से निजात मिल सके।








# डीआर सीहोर


आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर

सीहोर, दिन सोमवार दिनांक 20अक्टूबर 2025


















































# डीआर सीहोर


आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर


सीहोर, दिन सोमवार दिनांक 20अक्टूबर 2025


















































# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरुंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर

सीहोर, दिन सोमवार दिनांक 20अक्टूबर 2025
















































# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर

सीहोर, दिन सोमवार दिनांक 20अक्टूबर 2025













